कोटा विश्वविद्यालय, कोटा

महाराव भीमसिंह मार्ग, कबीर सर्किल के पास, कोटा (राज.)

क्रमांक– एफ 10( )गोप./कोविको/2021/3749 दिनांक– 12/08/2021

प्राचार्य/केन्द्राधीक्षक
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय
....
....

विषय–स्नातक एवं स्नातकोत्तर–व्यावसायिक/तकनीकी पाठ्यक्रमों की प्रायोगिक परीक्षा–2021 के संदर्भ में कोविड–19 महामारी के फलस्वरूप निर्देश।

महोदय/महोदया,

कोविड–19 के संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुये परीक्षा वर्ष 2020 की भांति वर्ष 2021 की प्रायोगिक परीक्षाऐं आयोजित करने का निर्णय लिया गया है।

इस सम्बन्ध में कोविड–19 महामारी के कारण छात्र हितों को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार प्रायोगिक परीक्षाऐं छात्रों/परीक्षार्थियों से सम्बन्धित महाविद्यालयों/परीक्षा केन्द्रों पर जमा किये गये प्रायोगिक रिकार्ड/फाईल का बाह्य परीक्षक से मूल्यांकन करवाकर प्राप्तांक विश्वविद्यालय को पूर्व निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार ऑनलाईन अपलोड करवाकर तथा हार्डकॉपी विश्वविद्यालय को भिजवाना सुनिश्चित करावें।

इसी क्रम में अग्रिम लेख है कि प्रायोगिक परीक्षा हेतु बाह्य परीक्षकों की नियुक्ति सम्बन्धित महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्र के प्राचार्य/केन्द्राधीक्षक तथा विश्वविद्यालय परिसर में संचालित पाठ्यक्रमों हेतु सम्बन्धित विभागाध्यक्ष के द्वारा की जानी है, जिसकी सूचना इस कार्यालय को ईमेल के माध्यम से प्रेषित करावें। प्रायोगिक परीक्षा हेतु बाह्य परीक्षकों की नियुक्ति पूर्व निर्धारित मापदण्डों के अनुसार करावें, जिसमें अनुभवी एवं वरिष्ठ संकाय सदस्यों को प्राथमिकता प्रदान करें। यहां यह उल्लेखनीय है कि बाह्य परीक्षक सम्बन्धित महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्र से भिन्न महाविद्यालय का होना आवश्यक है। प्रायोगिक परीक्षा हेतु नियुक्त बाह्य परीक्षक से प्रायोगिक रिकार्ड/फाईल का ही मूल्यांकन करवा कर अंक भिजवाये जाने हैं। प्रायोगिक परीक्षा हेतु छात्रों/परीक्षार्थियों की संख्या अधिक होने पर पूर्व निर्धारित मापदण्डों के अनुसार प्रायोगिक रिकार्ड/फाईल का मूल्यांकन भिन्न–भिन्न परीक्षकों से करवाया जावे, जिसके एवज में बाह्य परीक्षकों को मूल्यांकन हेतु निर्धारित दरों से पारिश्रमिक देय होगा, किन्तु प्रश्नपत्र निर्माण सम्बन्धी कार्य संशोधित प्रायोगिक परीक्षा योजना में नहीं होने के कारण प्रश्नपत्र निर्माण सम्बन्धी पारिश्रमिक देय नहीं होगा। उक्त के अतिरिक्त यह भी उल्लेखनीय है कि कतिपय विषयों/पाठ्यक्रमों में छात्रों/परीक्षार्थियों से सम्पर्क किया जाना आवश्यक प्रतीत होने पर, कोविड–19 के मापदण्डों को ध्यान में रखते हुए, छात्रों/परीक्षार्थियों से ऑनलाईन पद्धति/सोशल मीडिया/मोबाईल पर सम्पर्क किया जाकर प्रायोगिक परीक्षा के कार्य को पूर्ण किया जा सकेगा। छात्रों/परीक्षार्थियों को संशोधित योजना के अनुसार प्रायोगिक रिकार्ड जमा करवाने हेतु आपके स्तर पर सूचित करावें।

नोटः–जिन पाठ्यक्रमों/विषयों में आन्तरिक मूल्यांकन के अंकों का प्रावधान है उन विषयों/पाठ्यक्रमों के आन्तरिक मूल्यांकन के प्राप्तांक भी विश्वविद्यालय पोर्टल पर ऑनलाईन अपलोड कर हार्डकॉपी इस कार्यालय को भिजवाना सुनिश्चित करावें।

अतः आप सभी से अनुरोध है कि प्रायोगिक परीक्षा सम्बन्धी कार्य को सम्बन्धित परीक्षा समाप्ति के दो दिवस के अन्दर आवश्यक रूप से पूर्ण करवा कर प्राप्तांक विश्वविद्यालय पोर्टल पर अपलोड करवाया जाना सुनिश्चित करावें तथा हार्ड कॉपी इस कार्यालय को प्रेषित करावें ताकि परिणाम घोषित करने में अनावश्यक विलम्ब न हों।

भवदीय

परीक्षा नियंत्रक

क्रमांक– एफ 10( )गोप./कोविको/2021/ दिनांक–

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है–

1. निजी सचिव, माननीया कुलपति महोदया, कोटा विश्वविद्यालय, कोटा, को मा. कुलपति महो. के अवलोकनार्थ प्रस्तुत करने हेतु।
2. अध्यक्ष, परीक्षा समिति, कोटा विश्वविद्यालय, कोटा
3. कुलसचिव, कोटा विश्वविद्यालय, कोटा।
4. वित्त नियंत्रक, कोटा विश्वविद्यालय कोटा
5. सहायक कुलसचिव/अनुभागाधिकारी (परीक्षा/गोप.) कोटा विश्वविद्यालय, कोटा

परीक्षा नियंत्रक